हरिभूमि
# सीहोर भूमि फ्रंट पेज
भोपाल, सोमवार 7 जुलाई 2025

06 बारिश बनी आफतः किसानों की मेहनत ....


07 रजिस्ट्री कराना है तो 25 से 30 किमी तक ...




## खबर संक्षेप

### बीजों के विक्रेता को लाइसेंस लेना अनिवार्य

**सीहोर।** औषधीय फसलों एवं सब्जी, मसाला, पुष्प के बीजों का व्यापार करने वाले व्यापारी को उद्यानिकी विभाग से लायसेंस लिये बिना विक्रय नहीं किया जा सकता है। व्यापार करने के लिये विक्रेता उद्यानिकी विभाग से लायसेंस लेना अनिवार्य किया गया है। बिना बीज लायसेंस के व्यापार करते पाये जाने पर विक्रेताओं के विरूद्ध बीज अधिनियम-1966 एवं बीज नियंत्रण आदेश 1983 में उल्लेखित प्रावधान अनुसार वैधानिक कार्यवाही की जायेगी, जिसकी जवाबदेही सम्बन्धित निजी बीज विक्रेता की रहेगी।

### कभी भी दे सकेंगे जीवन प्रमाण पत्र

**सीहोर** | कर्मचारी भविष्य निधि संगठन (ईपीएफओ) में पेंशनरों को दी जाने वाली सुविधाओं में एक नई सुविधा शामिल की गई है। ईपीएफ के दायरे में आने वाले रिटायर्ड कर्मचारी अब साल भर में कभी भी जीवन प्रमाण-पत्र प्रस्तुत कर सकेंगे। अभी तक साल भर में सिर्फ एक बार नवंबर में जीवन प्रमाण-पत्र प्रस्तुत करने की सुविधा थी। पेंशनरों की सहूलियत के लिए अब ईपीएफओ ने नई व्यवस्था की है।

### 5 रुपए में मिलेगा नवीन विद्युत कनेक्शन


**सीहोर।** विद्युत वितरण कंपनी कार्यक्षेत्र के ग्रामीण क्षेत्र के उपभोक्ताओं को अब मात्र 5 रुपये में नवीन घरेलू कनेक्शन उपलब्ध कराना शुरू कर दिया है। कंपनी ने कहा है कि ग्रामीण क्षेत्र में निवास करने वाले उपभोक्ताओं को अब केवल 5 रूपये में नवीन विद्युत कनेक्शन उपलब्ध कराया जा रहा है। यह नया घरेलू कनेक्शन उन लोगों को मिलेगा जो कि मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी के घरेलू फीडर से नियमानुसार कनेक्शन लेने की पात्रता रखते हैं। कंपनी ने बताया कि इसके लिए ग्रामीणजन नवीन कनेक्शन के लिए आवेदन सरल संयोजन पोर्टल के माध्यम से कर सकते हैं।

## शहर सहित अंचल में लगाए जा रहे स्मार्ट मीटरों को लेकर हरिभूमि ने जानी जनप्रतिनिधि व आमजनता की प्रतिक्रिया

# स्मार्ट मीटरः कांग्रेस हो रही हमलावर, भाजपा मौन, बंदूकधारी गार्डों को देख जनता भयभीत

स्मार्ट मीटर लगने के बाद उपभोक्ताओं के बिल चार से पांच गुना बढ़कर आ रहे हैं। इससे उपभोक्ताओं में आक्रोश देखा जरा है। लोग इसका लगातार विरोध कर रहे हैं।

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर



विद्युत वितरण कंपनी शहर सहित अंचल में स्मार्ट मीटर लगाने का काम कर रही है। कंपनी द्वारा सीहोर संभाग में 67 हजार स्मार्ट मीटर लगाए जाने का लक्ष्य है, जिसके विपरीत अब तक 13 हजार मीटर लगाए जा चुके हैं। इधर स्मार्ट मीटर लगने के बाद उपभोक्ताओं के बिल 4 से 5 गुना बढक़र आ रहे हैं, इससे लोगों में जबरदस्त आक्रोश देखा जा रहा है। आए दिन मुख्यालय सहित अंचल में उपभोक्ताओं द्वारा विरोध जाताया जा रहा है तो आम जनता के इस विरोध को मुख्य विपक्षी दल कांग्रेस का भी समर्थन मिल गया है। धरना-गांधीगिरी के माध्यम से कांग्रेस भी सरकार पर हमलावर है, लेकिन इस पूरे मामले में सत्ताधारी दल स्थानीय बीजेपी नेता चुप्पी साधे बैठे हैं। हरिभूमि समाचार पत्र ने स्मार्ट मीटर को लेकर जनप्रतिनिधि व आम जनता की प्रतिक्रिया जानी।

### अब तक हुए प्रदर्शन

- ग्राम निपानियां के सैकड़ों ग्रामीणों ने कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा।
- ग्राम अहमदपुर के ग्रामीणों ने जताया विरोध।
- कांग्रेस ने धरना प्रदर्शन कर सरकार पर किया जुबानी हमला।
- कांग्रेस जिलाध्यक्ष ने बंदुकधारी गार्डों को पहनाई फूलमाला।

लोगों का कहना है कि घरों में पहले से विद्युत मीटर लगे हुए हैं, बावजूद उन्हें बदलकर नए स्मार्ट मीटर लगाए जा रहे हैं। स्मार्ट मीटर लगने के बाद से 300-400 रुपए आने वाला बिल हजारों में पहुंच गया है। जिन घरों में ताला लगा है, उन घरों में भी भारी भरकम बिजली के बिल आ रहे हैं। विद्युत वितरण कंपनी द्वारा बंदुकधारी गार्डों के साथ स्मार्ट मीटर लगाए जा रहे हैं, ऐसे में बंदुकधारी गार्डों को देखकर विरोध जताने में भी डर लग रहा है। यह सब कुछ अच्छा नहीं हो रहा है।

### अब तक लगे 13 हजार स्मार्ट मीटर

मध्यप्रदेश मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी के उप महाप्रबंधक के अनुसार आरडीएसएस योजना अंतर्गत सीहोर संभाग में लगभग 67 हजार 51 स्मार्ट मीटर लगाने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है, जिसमें से लगभग 13 हजार 680 स्मार्ट मीटर लगाए जा चुके है एवं शेष मीटर लगाए जा रहे हैं। कंपनी का दावा है कि कुल स्मार्ट मीटर की संख्या में 05 प्रतिशत स्मार्ट मीटरों में चेक मीटर भी स्थापित किए जाते है ताकि स्मार्ट मीटर की कार्य प्रणाली को चेक किया जा सके।

### उपभोक्ताओं की परेशानी

#### जलने के बाद भी जल रही लाइट



स्मार्ट मीटर गड़बड़ है। मेरे घर के पास लगी डीपी में फाल्ट होने के बाद मेरे घर का स्मार्ट मीटर पूरी तरह से जल गया था, बावजूद मेरे घर की बिजली सप्लाई जारी है। बिजली कंपनी के अधिकारियों को भी अवगत कराया था। कर्मचारी आए भी, लेकिन कह गए कि यह उपभोक्ता की ही जिम्मेदारी है।

-कपिल परसैया, नागरिक

#### आम जनता को साथ देना चाहिए



स्मार्ट मीटर लूट की पराकाष्ठा को पार कर रहे है। जिन घरों में नियमित रूप से बिल 200-400 आता था, अब हजारों में आ रहा है। इस महंगाई के दौर आम जनता हजारों रुपएके बिल कहां से भरेगी। आम जनता ही जनप्रतिनिधियों को आगे बढ़ाती है, जब आज आम जनता परेशान हैं तो जनप्रतिनिधियों को भी आम जनता का साथ देना चाहिए।

-प्रिंस खत्री, नागरिक

#### स्मार्ट मीटर लगने के बाद आए बिल

- स्मार्ट मीटर लगने के बाद अन्ना डोसे वाला का बिल 48000 रुपए आया।
- जगदीश मंदिर के समीप रामकिशन सूरजमल का बंद मकान का बिल 16000 आया।
- शिवाजी नगर में बंद पड़े मकान की 242 यूनिट रीडिंग बनी, बिल आया 1760 रुपए।

### भाजपा और कांग्रेस का मत



भाजपा नेताओं को भी दलगत राजनीति से ऊपर उठकर आम जनता के साथ खड़े होकर इस महंगाई के दौर में सरकार द्वारा थोपे जाने वाली इस नई समस्या का विरोध करना चाहिए और जनता को राहत दिलाना चाहिए। कांग्रेस पूरी तरह से आम जनता के साथ है। आम जनता को जब हजारों रुपए के बिल से राहत नहीं मिल जाती है, तब तक कांग्रेस अनवरत आवाज उठाती रहेगी।

-राजीव गुजराती, जिलाध्यक्ष कांग्रेस



जनहितेषी कार्यों के लिए किसी भी जनप्रतिनिधि पार्टी नहीं देखना चाहिए। इन दिनों स्मार्ट मीटर को लेकर शहर की जनता खासी परेशान हैं। बावजूद सत्तादल के नेताओं ने चुप्पी साध रखी है। यह ठीक नहीं है। जनता के लिए सभी को एक साथ रोड पर उतरना चाहिए, तभी हम जनता से लिए वोट का कर्ज अदा कर पाएंगे। इस मामले में कांग्रेस हर परिस्थिति में जनता के साथ है।

निशांत वर्मा, ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष सीहोर



किसी का भी अहित न हो सरकार इस विषय में लगातार विद्युत विपतरण कंपनी के अधिकारियों के साथ बैठक कर रही है। सीहोर विधानसभा क्षेत्र में भी विधायक सुदेश राय व अन्य जनप्रतिनिधि प्रयासरत है, जिन मीटरों में गड़बड़ी की बात सामने आ रही है उसमें सुधार कराया जाएगा। विधानसभा क्षेत्र की जनता निश्चिंत रहे। भारतीय जनता पार्टी हर परिस्थिति में जनता के साथ है।

-सुदीप प्रजापति, मंडल अध्यक्ष सीहोर

## नादान रोड पर भू-स्खलन का खतरा, चालकों में भय का माहौल

**सीहोर।** जिले में झमाझम बारिश का दौर जारी है। लोगों द्वारा अच्छी बारिश की कामना की जा रही है। लगातार हो रही बारिश की वजह से चट्टानों-पहाड़ों पर मिट्टी-पत्थर गिरने की स्थिति बनने लगी है।

ताजा मामला इछावर-नादान रोड का आया, जहां भू-स्खलन की वजह से चट्टान से एक बड़ा सा पत्थर गिरकर सडक़ पर आ गया। गनीमत रही कि कोई जनहानि नहीं हुई, लेकिन इस भू-स्खलन ने वाहन चालकों में डर का माहौल पैदा कर दिया है। आपको बता दें इछावर-नादान रोड के दोनों पर



ऊंची-ऊंची पहाड़नुमा चट्टाने हैं। इन चट्टानों पर बड़े-बड़े पत्थर हैं। इधर लगातार हो रही बारिश की वजह से इन चट्टानों पर मिट्टी गिरने लगी है। ऐसे में चट्टानों से लगी सडक़ों पर सफर करना अब सुरक्षित नहीं रहा। रविवार की सुबह ही इछावर-नादान रोड पर चट्टान से एक बड़ा भारी पत्थर पर बीचों बीच सडक़ पर आ गिरा। हालांकि इश्वरीय कृपा से इस दौरान कोई जनहानि नहीं हुई है, लेकिन इस मार्ग पर फिलहाल ट्रॅफिक थम गया और वाहन चालक डर की वजह से इधर से उधर नहीं निकल रहे हैं।

## चौकी के अंदर से 4 बाइक ले उड़े चोर, अवैध सागौन परिवहन में की गई थी जब्त, पुलिस कर रही पड़ताल

**सीहोर।** बुधनी में बाइक चोरों के हौसले इतने बुलंद हो गए हैं कि उन्होंने अब वन विभाग की बांसापुर स्थित चौकी को ही निशाना बना लिया। अज्ञात चोर चौकी से चार जब्त की गई बाइक चुरा ले गए। ये बाइकें अवैध सागौन परिवहन के मामलों में जब्त की गई थीं।

जानकारी के अनुसार वन विभाग ने अवैध सागौन के परिवहन में बाइक जब्त की गई हैं। बताया जाता है कि बुधनी की बांसापुर चौकी में वन विभाग द्वारा जब्त की गई दस बाइक खड़ी हुई थीं। अज्ञात चोरों ने वन चौकी को ही निशाना बनाते हुए 23 और 24 जून की दरमियानी रात चार बाइक चोरी कर ले गए। चोरी की ये वारदात अब सामने आई है, जिसके बाद वन विभाग की एसडीओ सुकृति ओसवाल ने बुधनी पुलिस को आवेदन देकर जानकारी दी है। चौकी प्रभारी ने बताया कि परिसर में करीब 10 दोपहिया वाहन रखे थे, जिनमें से चार गायब मिलीं।

### 24 घंटे रहता है वन विभाग का स्टाफ, फिर भी हो गई चोरी

बताया जाता है कि बुधनी ब्लाक में आने वाले बांसापुर वन चौकी में दिन में डिप्टी रेंजर और कर्मचारी मौजूद रहते हैं, और रात में वन रक्षक व चौकीदार भी वहीं होते हैं। इस चौकी का मुख्य उद्देश्य वनों की सुरक्षा करना, अवैध कटाई को रोकना, वन्यजीवों की सुरक्षा करना, और वन क्षेत्र में होने वाली गतिविधियों पर नजर रखना है। यह चौकी वन विभाग के एक महत्वपूर्ण अंग के रूप में कार्य करती है और वनों के संरक्षण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है। इसके बावजूद चोरी की इस घटना ने चोरों की हिम्मत को दर्शाया है। पुलिस ने मामले पड़ताल शुरू कर चोरों की तलाश शुरू कर दी है, लेकिन चोरों का पता नहीं लग सका है।

### सफाई दरोगा के सूने आवास में बड़ी चोरी

इछावर नगर परिषद के सफाई दरोगा के घर की तिजोरी की सफाई चोरों ने कर दी है। अज्ञात बदमाश सफाई दरोगा के सूने मकान से लगभग डेढ़ लाख रुपए नकद और 7 से 8 लाख रुपए के जेवरात पर हाथ साफ कर फरार हो गया। वारदात के दौरान परिवार वीकेंड मानने भोपाल गया था। चोरी की सूचना पर पहुंची पुलिस ने डॉग स्क्वॉड टीम के साथ मौका मुआयना किया। खोजी कुत्ते की मदद से पुलिस चोरों का सुराग लगा रही है।

इछावर नगर परिषद के सफाई दरोगा जितेंद्र पावर को वीकेंड मनाने भोपाल जाना भारी पड़ गया। उनके सूने मकान में चोरों ने ताला तोडक़र डेढ़ लाख रुपए की नकदी सहित 7 लाख रुपए के सोने के जेवरात पर हाथ साफ कर दिया। घटना की जानकारी सफाई दरोगा के रिश्तेदारों ने दी। जब उन्होंने देखा कि घर के ताले टूटे हुए है। पुलिस ने चोरी का मामला दर्ज कर चोरों की तलाश में जुट गई है। संदिग्ध लोगों से पुलिस पूछताछ कर रही है।

## बरगी डैम के 9 गेट खुले, नर्मदा में बढ़ेगा जलस्तर, सीहोर में अलर्ट

**सीहोर।** प्रदेश भरी में झमाझम बारिश का दौर जारी है। प्रदेश के कई जिलों में अति भारी बारिश हो रही है। भारी बारिश की वजह से नदी-तालाब सभी लबालब हो गए हैं, जबकि कई जिलों में नर्मदा नदी का जल स्तर भी खतरे के निशान पर आ गया है। इधर लगातार हो रही बारिश की वजह से बरगी बांध से रविवार को पानी छोड़ा गया है, जिसकी वजह से नर्मदा नदी में भी जलस्तर बढ़ेगा। इसे लेकर सीहोर जिला प्रशासन अलर्ट है। कलेक्टर बालागुरू ने भी नर्मदा तटीय क्षेत्रों में रहने वाले लोगों से अपील की रगी बांध के 9 गेट खुलेण्गौरतलब है कि रानी अवंति बाई लोधी सागर परियोजना बरगी बांध के जलस्तर को नियंत्रित करने इस सीजन में पहली बार रविवार को दोपहर



लगभग 12 बजे इसके 21 में से 9 स्पिल-वे गेट औसतन 1.33 मीटर की ऊंचाई तक खोल दिये गये हैं और इनसे 52 हजार 195 क्यूसेक (घनफुट) प्रति सेकंड पानी छोड़ा जा रहा है।

कलेक्टर ने की अपीललगातार हो रही वर्षा के कारण बरगी बांध का जलस्तर बढ़ रहा है। बांध में पानी का लेवल मेंटेन करने के लिए बांध से पानी छोड़ा गया। इधर जिला कलेक्टर बालागुरु के. ने निचले क्षेत्र के रहवासियों से अपील की है कि वे नर्मदा तट के प्रभावित इलाकों में नही जाएं।

अलर्ट पर जिलामालूम हो कि प्रदेश सहित जिले में बारिश का स्ट्रांग सिस्टम एक्टिव है, इस सिस्टम की वजह से जिले में बारिश का दौर जारी है। मौसम ने आगामी चार दिन जिले में भारी बारिश की संभावना जताई है। मौसम विभाग के अनुसार इस दौरान 24 घंटे में 8 इंच तक बारिश हो सकती है।

## कश्मीर से लौट सीधे आदिवासियों के बीच पहुंचे शिवराज सिंह चौहान

**सीहोर।** केन्द्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान पत्नी साधना सिंह चौहान के साथ बीते कुछ दिनों से कश्मीर यात्रा पर थे। उनकी कश्मीर यात्रा के फोटो-वीडियो सोशल मीडिया पर भी वायरल हो रहे थे। केन्द्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान एक दिन पहले शुक्रवार की देर शाम राजधानी भोपाल पहुंचे तो इधर अगले ही दिन शनिवार को कृषि मंत्री श्री चौहान खिवनी अभ्यारण के पीड़ित आदिवासियों से मिलने के लिए जा पहुंचे। खास बात यह रही कि इस दौरान शिवराज सिंह चौहान ने जहां ट्रेक्टर से सफर किया तो वहीं कीचड़ में खपते हुए पैदल-पैदल भी यात्रा की। पूर्व मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान को अपने बीच पाकर पीड़ित आदिवासी बहुत खुश हुए। शिवराज सिंह चौहान ने आदिवासियों ने हाल चाल जाने



इसके साथ ही खिवनी अभ्यारण में घर टूटने के बाद आदिवासियों द्वारा अस्थाई रूप से बनाई झोपड़ी में बैठकर आदिवासियों के बीच भोजन भी किया। कृषि मंत्री श्री चौहान ने आदिवासियों को संबोधित करते हुए कहा कि जिन भी अफसरों ने यह कार गुजारी की है, उन्हें छोड़ा नहीं जाएगा। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव बहुत ही संवेदनशील है। उनसे मेरी मुलाकात हुई है, उन्होंने सभी पीड़ितों को हर संभव मदद का आश्वासन भी दिया है।

## अवैध रूप से मछली परिवहन वालों के खिलाफ की कार्रवाई

### पिकअप वाहन सहित 800 किलो मछली की गई जब्त

हरिभूमि न्यूज ⏭ भैरुंदा

खबर का असर

शनिवार को सूचनाकर्ता अजय श्रीवास्तव मप्र मत्स्य महासंघ (सहकारी) मर्यादित इंदिरासागर जलाशय, नर्मदानगर जिला खण्डवा की सूचना पर अवैध रुप से मछली परिवहन करते पाये जाने पर आरोपी दीपक विश्वकर्मा व वाहन क्रमांक MP 41 ZD 3537 को टीगाली ग्राम नर्मदा घाट से पकड़कर आरोपी दीपक विश्वकर्मा पिता श्यामबाबू विश्वकर्मा उम्र 23 साल निवासी सीहोर नाका भैंरुंदा के कब्जे से एक पीकअप क्रमांक MP41ZD3537 एवं उसमें रखी 800 किलो मछली (कतला) जप्त कर कब्जा पुलिस लिया गया एवं फिशरीश एक्ट के अंतर्गत अपराध पंजीबद्ध किया गया एवं वैधानिक कार्रवाई की गई।



#### ज़िला प्रशासन ने लगाना 16 जून से 15 अगस्त तक, मछली पकड़ने पर प्रतिबंध

### लापरवाहीः नर्मदा घाटों पर बेखौफ पकड़ रहे हैं मछलियां, प्रशासन नहीं दे रहा ध्यान


मोटा मुनाफा कमाने जान जोखिम में डाल, रात के अंधेरों बेखौफ नर्मदा नदी में मछली पकड़ने लगाया जाल।

हरिभूमि न्यूज ⏭ भैरुंदा

भैरूंदा तहसील की नर्मदा नदी में रात के अंधेरे में मछली पकड़ने का काम जोरों पर है। जिला प्रशासन ने 16 जून से 15 अगस्त तक मछली पकड़ने पर प्रतिबंध लगाया गया है। प्रतिबध के बावजूद मछलियां पकड़ने का काम रात के अंधेरों में चोरी-छिपे जारी है। नर्मदा घाटों पर, जहां श्रद्धालू द्वारा मछलियों को दाना डाल कर जा दानपूर्ण कर पूर्ण कमाया जाता है। वहीं मछली खरीदारों और माफिया की साठ गाठ से रात के अंधेरे में जाल बिछाकर मछलियां पकड़ी जा रही हैं। मिलीं जानकारी अनुसार यह काम रात के 10 बजे से लेकर सुबह की 5बजे तक किया जाता है। वहीं मछली व्यापारियों द्वारा खरीदकर बड़ी गाडियों में भरकर इन्दौर, भोपाल सहित अन्य बड़े शहरों के बाजारों में महंगे दामों में बेचा जा रहा है। प्रशासन को चकमा देकर बड़े चार पहिया वाहनों में मछलियां लोडिंग कर ,वीआईपी गाड़ियां इनोवा, स्कॉर्पियो ,बिलेरो , टाटा मैजिक, आयशर , वाहनों का उपयोग करके मछली खरीदारों द्वारा सप्लाई करने का काम कर रहे हैं, जिससे उन पर शक न हो।

#### मौटा मुनाफा कमाने ,जान जोखिम में डाल, रात के अंधेरों में नर्मदा नदी में बिछा रहे जाल

जिला प्रशासन द्वारा भले ही 16 जून से 15 अगस्त तक, नर्मदा नदी में मछली पकड़ने पर प्रतिबंध लगाया गया हों। लेकिन स्थानीय लोगों द्वारा रात के अंधेरे में नर्मदा नदी में मछली पकड़ने का काम जारी है। मौटा मुनाफा कमाने के लिए अपनी जान जोखिम में डालकर रात के अंधेरे में जाल बिछाए जा रहे हैं और प्रशासन का कोई भय नहीं है। खरीदारों द्वारा बड़ी बड़ी गाड़ियों में डालकर इन्दौर भोपाल सहित कई शहरों के बाजारों में बेचकर मोटा मुनाफा कमाया जाता है।



भैरुंदा। मछली पकड़ने के लिए नाव लेकर नर्मदा नदी में जाल बिछाया जाता है।



#### प्रतिबंध में मछलियों दाम बढ़े, मछलियां पकड़ने व खरीदार कमा रहे मोटा मुनाफा

प्रतिबंध में यह मछलियों के प्रजनन का समय होता है। इस दौरान, मछली पकड़ने, मारने और बेचने पर पूरी तरह से रोक है। इसके बावजूद, स्थानीय लोग मछलियां पकड़ने प्रतिबंध का उल्लंघन कर रहे हैं और रात के अंधेरे में मछली पकड़ने के लिए जाल बिछा रहे हैं।

नियमों का उल्लंघन करने वालों पर जुर्माना वसूला और कार्रवाई का प्रावधान है। लेकिन अवैध कारोबारी बिना रोक-टोक के काम करने में जुटे हुए हैं। क्योंकि दो माह में मछलियां का दम चार गुना ज्यादा बढ़ जाता है।

मछलियां पकड़ने बालो से प्रति नग 100, से 15 रूपए में खरीकर उस मछली को बाजारों में 150 से 200 रुपए प्रति किलो तक बेचकर कारोबारियों को मोटा मुनाफा कमा रहे हैं। यह स्थिति चिंताजनक है क्योंकि यह न केवल पर्यावरण को नुकसान पहुंचाती है, बल्कि मछलियों की संख्या को भी कम करती है। इस संबंध में जब मत्स्य विभाग अधिकारी से संपर्क करना चाहा तो उनसे संपर्क नहीं हो सका।

## देवशयनी एकादशी पर लगाया 35 क्विंटल फलहारी प्रसादी का भोग

# भगवान शिव ने ही शुरू की गुरु-शिष्य की परंपराः कथा वाचक पंडित प्रदीप मिश्रा

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

भगवान शिव अनादि कहे जाते हैं। उनसे ही सृष्टि शुरु हुई और उन्हीं से सृष्टि का अंत भी होगा। लेकिन जब यह शुरु हुई, तो मानव सभ्यता के लिए ज्ञान और धर्म की आवश्यकता थी। इसलिए, कहते हैं कि इस जगत के मूल कर्ता-धर्ता होने के कारण भगवा-शिव ने ही गुरु-शिष्य की परम्परा शुरु की, ताकि ज्ञान का प्रचार-प्रसार हो सके। शिव पुराण कहती है जब शिष्य का पूरा भरोसा गुरु पर होता है तभी उसका निर्माण होता है। भगवान, गुरु और माता-पिता पर विश्वास ही



आपको सफल बना सकता है। उक्त विचार जिला मुख्यालय के समीपस्थ कुबेरेश्वरधाम पर जारी गुरु पूर्णिमा महोत्सव के अंतर्गत श्री शिव महापुराण के दूसरे दिन अंतर्राष्ट्रीय कथावाचक पंडित प्रदीप मिश्रा ने कहे। रविवार को देवशयनी एकादशी के पावन अवसर पर करीब 35 क्विंटल से अधिक की फलहारी सामग्री का भोग लगाया गया और उसके पश्चात यहां पर मौजूद बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं को वितरित किया गया।

रविवार को शिव महापुराण के दूसरे दिन पंडित श्री मिश्रा ने कहाकि सबसे पहली गुरु दीक्षा भगवान शंकर ने दी है और गुरु-शिष्य की परम्परा का शुभारंभ किया था। उन्होंने कहाकि एक माता जी ने प्रश्न किया था कि मुक्ति हमेशा कितनी दूर है। इसके अलावा अन्य प्रश्नों के बारे में विस्तार से चर्चा की। उन्होंने अपना कर्म स्वयं करो। अंतिम समय में जो तुमने कमाया है वही तुम्हारे साथ जाएगा। जब तुम्हारे प्राण छूटेंगे सब वहीं रह जाएगा। शरीर से टूट जाना मगर मन से कभी मत टूटना। अपने बच्चों को भी भगवान शिव को जल चढ़ाने की सीख दें। यही संस्कार उसे आगे बढ़ने में मदद करेगा। शिव महापुराण की कथा कहती है जो इस कथा का श्रवण कर लेता है उसके शरीर की मुक्ति हो जाती है।

**खबर संक्षेप**

### फील्ड अधिकारियों को दिन में एक बार हाजिरी लगानी होगी

**सीहोर।** मध्यक्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी द्वारा फील्ड अधिकारियों के लिए सैल्फी अटेंडेंस को लेकर महत्वपूर्ण निर्णय लिया है। अब फील्ड अधिकारियों जिनमें जे.ई. एवं उससे ऊपर के अधिकारी शामिल हैं, को दो बार उपस्थिति दर्ज करने के स्थान पर दिन में कार्यालयीन समय में एक बार उपस्थिति दर्ज की सुविधा उपलब्ध कराई गई है। कंपनी ने कहा है कि बिजली आपूर्ति की निर्बाधता सुनिश्चित करने की बढ़ती चुनौतियों एवं कार्य आवश्यकताओं को देखते हुए यह पाया गया है कि फील्ड अधिकारी अक्सर रखरखाव, विद्युत आपूर्ति और अधोसंरचना संबंधी कार्यों के लिए मैदानी भ्रमण पर उपस्थित रहते हैं, जिससे वे नियमित उपस्थिति समय-सारणी का पालन नहीं कर पाने की स्थिति में होते हैं। ऐसे में फील्ड कार्यों के प्रभावी क्रियान्वयन हेतु, और अधिकारियों की मैदानी आवश्यकता को देखते हुए यह निर्णय लिया गया है कि ऑपरेशन एवं मेंटेनेंस (ओएंडएम), एसटीएम/एसटीसी/, सतर्कता, बीआई सेल तथा सिविल विभागों में फील्ड ड्यूटी पर तैनात कनिष्ठ अभियंता (जेई) एवं उससे ऊपर के अधिकारियों को 'अटेंडेंस पोर्टल 2.0' पर दो बार सैल्फी उपस्थिति दर्ज करने की अनिवार्यता से छूट प्रदान की जाए।

### भैरूंदा तहसील में लगातार वर्षा से सोयाबीन व मक्का सहित अन्य फसलों पर संकट

# बारिश बनी आफतः किसानों की मेहनत पर फिर गया पानी, मक्का पीली पड़ी, सोयाबीन में नहीं हो रही ग्रोथ

अब तक क्षेत्र में करीब खरीफ फसल की 70 प्रतिशत से अधिक बोवनी हो चुकी है। फसलों को बचाने के लिए कृषि विभाग का अमला खेतों तक नहीं पहुंच रहा है।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भैरूंदा



भैरूंदा तहसील में लगातार वर्षा से सोयाबीन व मक्का सहित अन्य फसलों पर संकट मंडराने लगा है। किसानो ने क्षेत्र में सोयाबीन , मक्का सहित अन्य खरीफ फसलों की बुवाई की है। किसानो ने सबसे ज्यादा मक्का और सोयाबीन की बुआई की है। लगातार हों रहीं बारिश से उस पर ही खतरा बढ़ गया है। समय पर मानसून की दस्तक हो जाने से क्षेत्र के किसानो ने 15 से 20 जून तक खरीफ फसलों की करीबन 70 प्रतिशत बुवाई कर दी। लगातार बारिश से किसानो की फसलें ख़राब हों रहीं हैं। तो वहीं 20 दिन से अधिक अवधि की फसल हो जाने के बाद भी पौधों में बड़ोत्री ही नही हो पाई है।

#### बुवाई के बाद से ही लगातार वर्षा जारी है इससे पौधों में वृद्धि ही नहीं हो पा रही

क्षेत्र में अधिक बारिश से कहा सोयाबीन और मक्का की फसलें खराब होने की कगार पर है। तो वहीं उनकी मक्का की फसल भी पीली बड़ रही है। कृषक रामेश पंवार ने बताया कि सोयाबीन की बुवाई के बाद से ही लगातार वर्षा जारी है। इससे पौधों में वृद्धि ही नहीं हो पा रही है। सोयाबीन की अधिकांश किस्में 90 से 100 दिन में पकने की अवस्था में पहुंच जाती है। वर्तमान में फसल 20से 25 दिन की हो गई है लेकिन अब तक 10 से 12 इंच का ही पौधा बन पाया है। अब वर्षा का दौर नहीं थमा तो कुछ दिन के बाद फसल में फूल लगने की अवस्था आ जाएगी और पौधा छोटा रहने से पैदावार आधी से भी कम होगी। मक्का की खेती करने वाले किसान संतोष पंवार ने बताया कि 14जून को मक्का 4 एकड़ खेत में बुवाई की। बाजार से 350 रूपए किलो का बीज खरीदा था। लगातार बारिश से मक्का के अंकुरण के बाद खाद नही दे पाए हैं। इसके साथ ही खेतों में लगातार पानी भरा रहने से मक्का के पौधों की पत्तियां पीली पड़ गई हैं। बारिश से खरपतवार पर भी नियंत्रण नही कर पा रहे हैं। मक्का के पौधों की बड़ोत्री न हो पाने के कारण पैदावार पर खासा असर पड़ जाएगा। बुवाई के बाद किसानों को उम्मीद थी कि मौसम खुलने पर खाद डालने का मौका मिल जाएगा। लेकिन लगातार वर्षा होने से किसान हाथ पर हाथ धरे बैठे रहने के लिए मजबूर हो रहे हैं।

**मक्का का रकबा बढ़ाः** इस बार कृषि विभाग ने 75 हज़ार हैक्टेयर में के करीब रकबा तय किया गया है। जिसमे लगभग 53 हज़ार हैक्टेयर में किसानो ने खरीब की फसलें बुआई की है। क्षेत्र में इस बार सोयाबीन और मक्का का रकबा लगभग है। किसानों ने मक्का बढ़ते दाम और पैदावार को देखकर अधिक रकबे में बुवाई तो कर दी है। लेकिन बारिश के कारण अब फसल खराब हो रही है। किसानो बताया कि मक्का , सोयाबीन की बुवाई के बाद से लगातार वर्षा हो रही है।

इससे मक्का की फ़सल पिली पड़ी तो वहीं सोयाबीन की फ़सल की जड़ सड़न बढ़ रहा है। खेतों में पानी भरा हुआ है और पौधों की बड़ोतरी भी नही हो रही है। वर्षा जारी रहने के कारण खेतों में चलना भी मुश्किल हो रहा है। किसान लाख प्रयास कर भी लें तो जमा हुआ पानी बाहर नहीं निकाल पा रहे हैं। पौधे लगातार पानी में डूबे हुए हैं इससे खासा नुकसान पहुंचने की आशंका बनी हुई है।

#### कृषि विभाग नहीं दे पा रहा सलाह

भैरूंदा तहसील में कृषि विभाग का अमला किसानों को अतिवर्षा से फसलों को बचाने के लिए न तो कोई सलाह दे पा रहा है और न ही मैदानी अमला खेतों का भ्रमण कर रहा है। हालत यह है कि किसान निजी खाद-और दवा विक्रेताओं के पास पहुंचकर सलाह मांग रहे हैं। कई लोग तो किसानों को अलग-अलग कंपनी की दवा, पौधों की बड़ोत्री करने के नाम पर पोषक तत्वों की दवा बेचने का काम करने लगे है। ऐसे में किसान आर्थिक रूप से नुकसान भी उठा रहे हैं। ग्रामीण क्षेत्रों में किसानों को कोई मदद नहीं पहुंचा पा रहे हैं। यदि यही स्थिति बनी रही तो खरीफ सीजन की सभी फसलों से बेहतर पैदावार मिलना बेहद कठिन हो जाएगा।

## कलेक्टर के निर्देश पर ग्रामीण क्षेत्रों में कैंप लगाकर तेजी से किया जा रहा फार्मर रजिस्ट्री का कार्य

**जिले के सभी किसानों से फार्मर रजिस्ट्री कराने की कलेक्टर ने की अपील**



**सीहोर।** कलेक्टर बालागुरू के. के निर्देशानुसार जिले में किसानों के हितों को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए फार्मर रजिस्ट्री का कार्य तेजी से किया जा रहा है। कलेक्टर बालागुरू के. ने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए है कि कोई भी किसान फार्मर रजिस्ट्री से न छूटे। उन्होंने कहा है कि फार्मर रजिस्ट्री केवल एक औपचारिक प्रक्रिया नहीं है, बल्कि यह किसानों को योजनाओं से जोड़ने का प्रमुख माध्यम है। इसका हर किसान तक लाभ पहुंचना अनिवार्य है।

सभी किसानों की फार्मर रजिस्ट्री का कार्य तेजी से किया जा सके इसके लिए जिले के ग्रामीण क्षेत्रों में विशेष कैंप आयोजित किए जा रहे हैं। इन शिविरों के माध्यम से किसानों की रजिस्ट्री प्रक्रिया को सरल और सुलभ बनाया गया है। ग्राम पंचायतों, कृषक मित्रों और राजस्व एवं कृषि विभाग के समन्वय से इन शिविरों में किसानों की उपस्थिति सुनिश्चित की जा रही है। शिविरों में फार्मर रजिस्ट्री के साथ-साथ उन्हें आवश्यक मार्गदर्शन भी प्रदान किया जा रहा है ताकि किसी भी किसान को प्रक्रिया में असुविधा न हो।

कलेक्टर बालागुरू के. ने जिले के सभी किसानों से अपील की है कि वे आयोजित शिविरों में पहुंचकर अपनी फार्मर रजिस्ट्री कराएं ताकि किसानों को शासन संचालित योजनाओं का लाभ मिल सके।

## सीहोर ने ग्वालियर को 7-1 के अंतर से हराया



**सीहोर।** मध्य प्रदेश फुटबॉल संघ द्वारा आयोजित राज्य स्तरीय फुटबॉल प्रतियोगिता शिवपुरी में आयोजित की जा रही है इस प्रतियोगिता में सीहोर का मैच आज ग्वालियर से खेला गया इसमें सीहोर टीम 7-1 से विजय रही, पहले ही मैच में सीहोर के खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए विशाल अंतर से ग्वालियर को हराया। इस मुकाबले में सिद्धार्थ, नव्या, जयन ने दो-दो गोल किए भवजोत ने एक गोल किया टीम के कोच ध्रुव शर्मा, टीम मैनेजर पुष्प यादव है। वहीं अंतरराष्ट्रीय फुटबॉल खिलाड़ी दुनिया के लोकप्रिय खिलाड़ियों में शुमार पुर्तगाली फॉरवर्ड डिएगो जोटा के सड़क दुर्घटना निधन पर चर्च ग्राउंड सीहोर पर खिलाड़ियों द्वारा श्रद्धांजलि दी गई। इस मौके पर जिला फुटबाल एसोसिएशन के सीनियर खिलाड़ियों के अलावा कोच आदि शामिल थे। एसोसिएशन के मीडिया प्रभारी प्रियांशु दीक्षित ने बताया कि शनिवार की शाम को शहर के चर्च मैदान पर श्रद्धांजली के उपरांत में एक मैच खेला गया। इस मुकाबले में सीहोर बाइज ने सीहोर ब्लू को 3-0 से हराया। रिमझिम बारिश के मध्य खेले गए इस मुकाबले में सीहोर बाइज के खिलाड़ियों ने 3 गोल किए। इसमें अराफात ने 2 गोल और युवराज ने 1 गोल किया था।

## हरियाली महोत्सवः भैरूंदा पुलिस ने पौधे रोपकर लिया हरियाली बचाने का संकल्प




**भैरूंदा।** हरियाली महोत्सव आभियान में रविवार को भैरूंदा थाना परिसर में पुलिस ,अधिकारियों, कर्मचारियों व जनप्रतिनिधियों एवं पत्रकारो ने फलदार छायादार पौधे लगाएं, साथ ही उनकी देखभाल करने व हरियाली बचाने का संकल्प लिया। पुलिस मुख्यालय भोपाल के द्वारा हरियाली महोत्सव अंतर्गत 1 से 7जूलाई तक पौधारोपण करने आभियान चलाया जा रहा है। इसी कड़ी में सीहोर पुलिस अधीक्षक दीपक कुमार शुक्ला एवं अति पुलिस अधीक्षक सुनीता रावल के मार्गदर्शन में रविवार को थाना परिसर भैरूंदा, एसडीओपी कार्यालय, एसडीएम कार्यालय में वृक्षारोपण किया गया। इस दौरान भैरूंदा एसडीएम मदन सिंह रघुवंशी, एसडीओपी विजय अंभोरे, नायाब तहसीलदार अनीस कुरैशी, थाना प्रभारी घनश्याम सिंह दांगी, नगर परिषद अध्यक्ष मारुति शिशिर सहित अधिकारियों, कर्मचारियों, जनप्रतिनिधियों और पत्रकारों ने पौधे लगाएं और उनकी देखभाल करने और हरियाली बचाने का संकल्प भी लिया। थाना प्रभारी घनश्याम सिंह दांगी ने कहा हरियाली महोत्सव में अधिक पौधे लगाना और पर्यावरण को हरा-भरा बनाए रखना है। लगाए गए पौधे की देख भाल करना और हरियाली बचाए रखना है। साथ ही सभी ने संकल्प लिया कि वे अपने लगाए गए पौधों की देखभाल करेंगे और उन्हें बड़ा होने तक सुरक्षित रखेंगे। हरियाली बचाए रखेंगे।



## श्रेया मालपानी ने सीयूईटी-यूजी में रचा इतिहास, बायोलॉजी में देशभर में किया टॉप




**सीहोर।** होनहार छात्रा श्रेया मालपानी ने कॉमन यूनिवर्सिटी एंट्रेंस टेस्ट सीयूईटी-यूजी 2025 में इतिहास रचते हुए बायोलॉजी विषय में पूरे देश में प्रथम स्थान प्राप्त किया है। श्रेया ने इस बड़ी सफलता के साथ न केवल अपने परिवार, बल्कि पूरे जिले का नाम रोशन किया है।

श्रेया ने इस परीक्षा की तैयारी दर्शन अकादमी से की थी। उल्लेखनीय है कि इसके पहले भी श्रेया ने एनईईटी-यूजी परीक्षा में शानदार प्रदर्शन कर सफलता हासिल की थी। सीयूईटी-यूजी में टॉप कर उन्होंने साबित किया कि दृढ़ निश्चय और मेहनत से कोई भी लक्ष्य हासिल किया जा सकता है। अपनी उपलब्धि का श्रेय श्रेया ने अपने माता-पिता, दर्शन अकादमी, अपने मेंटर और बायोलॉजी के शिक्षकों को दिया। उन्होंने कहा कि इन सभी का मार्गदर्शन और समर्थन उनके लिए प्रेरणास्त्रोत रहा। सीयूईटी-यूजी परीक्षा देश की विभिन्न यूनिवर्सिटीज़ में प्रवेश के लिए आयोजित की जाती है। इस परीक्षा में बेहतर प्रदर्शन करने वाले छात्र अपनी पसंद की यूनिवर्सिटी और कोर्स में दाखिला ले सकते हैं। श्रेया की इस उल्लेखनीय उपलब्धि पर शहर में खुशी की लहर है और उन्हें बधाई देने वालों का तांता लगा हुआ है।

शिक्षा जगत में भी उनकी इस सफलता को प्रेरणादायक बताया जा रहा है।

### लाड़ली बहनों को रक्षाबंधन पर मिलेगा अतिरिक्त राशि का उपहार

**सीहोर।** बहनों के लिए लाड़ली बहना योजना लगातार जारी रहेगी। रक्षाबंधन में बहनों को इस योजना से अतिरिक्त राशि दी जाएगी। इस योजना की राशि 3 वर्ष में बढ़ाकर 3 हजार रुपए तक ले जाएंगे। महिलाओं को संपत्ति के पंजीयन में दो प्रतिशत की छूट दी जा रही है इसके फलस्वरुप पिछले एक साल में 70 प्रतिशत संपत्तियों का पंजीयन महिलाओं के नाम पर हुआ है। महिला सशक्तिकरण के लिये राज्य सरकार संकल्पित है। महिला स्व-सहायता समूहों को उद्योग लगाने के लिए भी छूट का लाभ दिया जाएगा। यह बात मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव ने रीवा जिले के मनगवां में महिला स्वसहायता समूह सशक्तिकरण सम्मेलन में कही।

## खिवनी अभयारण्य और जामनेर नदी के उद्धार व संरक्षण के लिए इको विकास समिति ने केन्द्रीय कृषि मंत्री को ज्ञापन सौंपा






**इछावर।** शनिवार को क्षेत्र के सिवनी खुर्द में भ्रमण पर केन्द्रीय समिति ने विभिन्न मांगों को लेकर एक ज्ञापन सौंपा। समिति द्वारा ज्ञापन में प्रमुख रूप से 6 मांगें की गई है। जिनमें पर्यावरण जागरूकता - स्थानीय समुदायों द्वारा खिवनी अभयारण्य के प्राकृतिक संसाधनों के संरक्षण के लिए सक्रिय पहल शामिल है।

**नागरिक सहभागिताः** सरकार के शीर्ष स्तर तक अपनी चिंताएँ रखने का ज़िम्मेदाराना तरीका अपनाते हुए ईको पर्यटन ओर अन्य माध्यम से रोजगार प्राप्ति के विषय में चर्चा की।

**जैवविविधता संरक्षणः** खिवनी अभयारण्य व जामनेर नदी पारिस्थितिकी तंत्र के लिए अहम हैं, इनके उद्धार से वन्यजीव व जलस्त्रोत सुरक्षित होंगे तथा जल स्तर में सुधार हेतु वनों के संरक्षण हेतु समितियों के माध्यम से प्रतिबद्धता व्यक्त की ।

**सतत विकासः** पर्यावरण संरक्षण और ग्रामीण आजीविका विकास के बीच संतुलन बनाने की बात कही वनों से बिना नुकसान पहुंचाए नए रोजगार जैसे सफारी गाईड, जिप्सी ड्राइवर, ग्रामीण पर्यटन, स्थानीय हस्त ओर शिल्प के माध्यम से घंटी ओर जैविक दोना पत्तल निर्माण जैसे कार्यों से अवगत कराया।

**भविष्य की आवश्यकता :** वनों के विनाश से भविष्य में होने वाले फायदों में कमी ओर पर्यटन पर नकारात्मक प्रभाव ओर मनुष्य वन्यजीव के संघर्षों के बढ़ने के खतरों से न केवल एक ग्राम बल्कि समस्त क्षेत्र प्रभावित होगा, इससे अवगत कराया।

वन सुरक्षा में ड्यूटी के दौरान शहीद कर्मचारियों के सम्बन्ध - देवास सहित मध्य प्रदेश के अन्य जिलों में वन सुरक्षा के दौरान शहीद हुए वनकर्मियों को यथोचित सम्मान और उनके परिवारों को दिए जाने वाले सहायता और मुआवजे को समयावधि में प्रदाय करने का निवेदन किया ताकि शहीद के परिवार को कार्यालयों के चक्कर नहीं काटने पड़े। आदि मांगें शामिल हैं।

**राष्ट्रपिता महात्मा गांधी और बाबा साहब के चित्र के साथ किया भ्रष्टाचार का विरोध**

# सीहोर-श्यामपुर सड़क में हुए भ्रष्टाचार के विरोध में गड्ढे में खड़े होकर किया प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सीहोर



शनिवार को जिला कांग्रेस के पूर्व महासचिव पंकज शर्मा के साथ कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने सीहोर-श्यामपुर मार्ग में हुए भारी भ्रष्टाचार के विरोध में इसमें बने बड़े-बड़े गड्ढों में खड़े होकर प्रदर्शन किया। इस दौरान भ्रष्टाचार के विरोध का एक अनोखा तरीका सामने आया, जिसने कांग्रेडजन अपने साथ राष्ट्रपिता महात्मा गांधी और बाबा साहब भीमराव अंबेडकर के चित्र लेकर भ्रष्टाचार का विरोध करने पहुंचे।

पंकज शर्मा ने बताया कि सीहोर से श्यामपुर तक का तीस किलोमीटर लंबा और लगभग चालीस करोड़ रुपए की लागत से बना ये मार्ग अपने बनने के समय से ही काफी चर्चाओं में रहा है। इसके बारे में दावा किया गया था कि ये प्रदेश की पहली एफडीआर तकनीक से बनी सड़क है, जिससे इसकी लागत आधी और जीवन दुगुना रहेगा लेकिन केवल दो साल की अवधि में ही ये सड़क पूरी तरह उखड़कर गायब हो गई है और इसमें हजारों की संख्या में विशाल गड्ढे हो गए हैं, जो इस मार्ग में हुए घटिया निर्माण और भ्रष्टाचार की कहानी खुद ब खुद बयां कर रहे हैं। इन गड्ढों को भरकर जिम्मेदार अपनी नाकामी छिपाने का असफल प्रयास करते नजर आते हैं। पंकज शर्मा ने कहा कि इस सड़क में हुए भ्रष्टाचार को लेकर उन्होंने पहले भी कई बार ज्ञापन और प्रदर्शन कर चुके हैं लेकिन जिला प्रशासन द्वारा अब तक इस मामले में कोई कार्रवाई दोषियों के खिलाफ नहीं की गई है, उन्होंने चेतावनी दी है कि यदि इस बार भी दोषियों को बचाने और मामले को रफा-दफा करने का प्रयास जिला प्रशासन द्वारा किया गया तो कांग्रेसजन इस सड़क पर बैठकर चक्काजाम करेंगे और इसके बाद आगे भी चरणबद्ध तरीके से बड़ा और उग्र आंदोलन किया जाएगा, जिसकी संपूर्ण जवाबदारी जिला प्रशासन के लापरवाह और मनमानीपूर्ण रवैए की होगी। प्रदर्शन के दौरान कांग्रेसजनों ने भ्रष्टाचार और इसके दोषियों के खिलाफ जमकर नारेबाजी भी की। सड़क पर बने गड्ढे में खड़े होकर प्रदर्शन करने वालों में प्रमुख रूप से अरुण मालवीय, सतीश दरोठिया, राजेश रैकवाल, जय सिंह भारती, मुकेश भारती, हर्ष गुप्ता, सक्षम शर्मा, समर्थ शर्मा आदि कांग्रेसजन शामिल हैं।

### इमाम हुसैन की याद में चलाया गया लंगर



**सीहोर।** दुल्ला बादशाह दरगाह पर मोहर्रम को लेकर सर्वधर्म दुल्ला बादशाह बाबा दरगाह कमेटी के द्वारा विभिन्न इबादती कार्यक्रम किए जाए जा रहे है। इसी श्रेणी में रविवार को दरगाह में फातिया पढ़ी गई और दुआ की गई जिस के बाद लंगर प्रसादी का आयोजन किया गया। कव्वालियों से इमाम हुसैन की शहदत को याद किया गया। बड़ी तदात में शामिल हो कर लोगों ने लंगर में मीठा प्रसाद ग्रहण किया। कार्यक्रम में सर्वधर्म दरगाह कमेटी अध्यक्ष रिजवान पठान, दरगाह कमेटी सचिव नौशाद खान, उपाध्यक्ष हामिद हाजी, दरगाह के खादिम अनवर बाबा, बिलाल अहमद, अंसार अहमद, कसम झंकार, रफीक मियां,पप्पू मिया भंवर लाल मेवाड़ा,तारीख मियां,सावरावी महमूद सहित सैकड़ो लोग माता बहने बच्चे सब शामिल हुए।

पचोर में उपपंजीयक कार्यालय खोलने की मांग, स्थानीय स्तर पर नहीं हो पा रही रजिस्ट्री

# रजिस्ट्री कराना है तो 25 से 30 किमी तक जाने को मजबूर हैं क्षेत्र के लोग

हरिभूमि न्यूज ▶▶ पचोर

तहसील मुख्यालय पर भूमि और मकान की खरीदी-बिक्री को लेकर रजिस्ट्री करने की सुविधा नहीं है। जिससे लोगों के धन और समय की बर्बादी होती है। पचोर तहसील में 33 पटवारी हल्के ओर 56 गांव आते हैं, सरकार ने 2008 में पचोर को तहसील दर्जा दिया था। उप पंजीयक दफ्तर नहीं होने से क्षेत्र के लोगों को रजिस्ट्री के लिए सारंगपुर, ब्यावरा राजगढ़ जाने पर मजबूर हैं। रजिस्ट्री की सुविधा मिलने सेशासन की राजस्व आय में भी बढ़ोतरी होना तय है। उप पंजीयक दस्तर शुरू कराने की मांग क्षेत्र के लोग कई सालों से कर रहे हैं। परंतु शासन स्तर से रजिस्ट्री की सुविधा मुहैया नहीं कराई जा रही है। ऐसे में क्षेत्र के व्यापारी, किसान सहित हर वर्ग के लोगों को अपनी प्रॉपर्टी की रजिस्ट्री के लिए जाना पड़ता है।




### लोगों को यह मिलेगा फायदा

पचोर में उप पंजीयक दफ्तर शुरू होने से रजिस्ट्री के लिए लोगो को यह वह जाने से मुक्ति मिलेगी। पचोर में रजिस्ट्री की सुविधा मिलने से एक व्यक्ति का ही 500 से 1000 रुपए खर्च होने से बचेगा। रजिस्ट्री कराने के लिए जाना मजबूरी बना हुआ है। जबकि वित विभाग के नियमानुसार जिला पंजीयक दफ्तर से की 25 किमी से अधिक दूरी और नगर परिषद मुख्यालय होने का मापदंड भी पूरा हो रहा है। जिसके चलते यहां आसानी से उप पंजीयक दफ्तर खुल सकता है।

### ग्रामीणों को होती है सबसे ज्यादा परेशानी

पचोर में उप पंजीयक दफ्तर के अभाव में सबसे ज्यादा परेशानी ग्रामीणों को होती है। दूर अंचल के गांवों से सारंगपुर, राजगढ़, ब्यावरा, तक रजिस्ट्री के लिए आवागमन करने उनके 1000 रुपए तक खर्च होते हैं। गांव में खेती में एक ही रकबे में अनेक खाते होते हैं। ऐसे में रजिस्ट्री की प्रक्रिया के दौरान रजिस्ट्रार के ऑफिस में सभी की हाजरी जरूरी होती है। जिसमें ग्रामीणों को अधिक आर्थिक नुकसान होता है। पचैर में उप पंजीयक दफ्तर शुरू होने से सबसे ज्यादा फायदा सभी को मिलेगा।

### महंगे मिलते हैं नगर में स्टांप पेपर

किसी भी जमीन, प्लॉट और मकान का सौदा करने के लिए लिखित रूप से इकरारनामा होता है। जिसके लिए स्टांप पेपर जरूरी है। लेकिन उप पंजीयक दफ्तर नहीं होने से मुख्यालय पर स्टांप पेपर भी महंगे दामों पर मिलते हैं। इसे लेकर स्टांप विक्रेताओं के खिलाफ प्रशासन भी कोई कार्रवाई नहीं करता। ऐसे में लोगों को महंगे दामों पर स्टांप खरीदना मजबूरी बना हुआ है। हालांकि अब स्टांप पेपर ऑनलाइन निकलते हैं। परंतु ऑनलाइन स्टॉप निकलने के दौरान सर्वर डाउन होने से भी लोगों को परेशानी होती है।

### 2022 में लिखा था पत्र कार्यवाही अधर में

मार्च 2022, में तत्कालीन कलेक्टर हर्ष दीक्षित ने महानिरीक्षक पंजीयन एवं अधीक्षक मुद्रक भोपाल को पत्र लिखकर पचोर में उप्र पंजीयक कार्यालय प्रारम्भ करने की अनुशंसा की थी। किंतु अभी तक इस दिशा में कोई पहल नहीं हुई। लेकिन अब परिस्थियां ऐसी बन रही है कि रजिस्टी कराने के लिए 25 किलोमीटर दूर जाना होता है।

### इसलिए खुल सकता है पचोर में उपपंजीयक कार्यालय

पचोर तहसील में होने वाली रजिस्ट्रीयो की आय 5 लाख प्रतिवर्ष से अधिक है और सारंगपुर, ब्यावरा, राजगढ़,नरसिंहगढ़ उप पंजीयक कार्यालय की दूरी 25, किलोमीटर से अधिक है। इन कारणों के चलते पचोर में उपपंजीयक कार्यालय खुलने की उम्मीद है।

### इनका कहना है

पचोर में उप पंजीयक कार्यालय शीघ्र प्रारंभ करवाने के लिए हम प्रयासरत हैं। जल्द ही कार्यालय शुरू होगा।

**गौतम टेटवाल**
**मंत्री मध्यप्रदेश सरकार**

नगर में उपपंजीयक कार्यालय के लिए हम प्रयासरत हैं पूर्व में पत्र लिखे थे। उप पंजीयक कार्यालय खुलना जनहित में होगा।

**विकास करोड़िया, नपा अध्यक्ष**

# नागरिक सुविधा और आपको रोजगार भी हमारी प्राथमिकता : रोहित बम्होरे

## सब्जी विक्रेता तय स्थान पर बैठें

हरिभूमि न्यूज ▶▶ पचोर

सब्जी विक्रेताओं ने दूसरे दिन भी अपनी दुकानें नहीं खोली। दोपहर बाद अनुविभागीय अधिकारी रोहित बम्होरे, एसडीओपी अरविंद सिंह, थाना प्रभारी शकुंतला बामनिया,सी एमओ दीपक रानवे ने थाना परिसर में सब्जी विक्रेताओं से बात की सब्जी विक्रेताओं ने अपनी समस्याओं को रखा। अनुविभागीय अधिकारी रोहित बम्होरे ने स्पष्ट किया कि नागरिक सुविधाओं को प्राथमिकता देते हुए आपको भी स्थान देना है। अधिकारियों ने बरसते पानीसब्जी विक्रेताओं के साथ मिडिल स्कूल के पास वाली पुरानी सब्जी मंडी का दौरा किया उसके बाद बस स्टेंड वाले हिस्से में को भी देखा और दुकानों के सामने के अस्थाई अतिक्रमण हटाने के लिए निर्देश दिए ।अधिकारियों ने स्पष्ट किया कि नपा द्वारा चिन्हित स्थान पर बैठे। बम्होरे ने नपा को वह सफाई, बिजली सहित उचित व्यवस्था करने के निर्देश दिए।



अधिकारियों ने स्पष्ट किया सड़क पर दुकान न लगाए। सी एमओ दीपक रानवे ने कहा कि सब्जी विक्रेताओं को उनके लिए तय जगह पर बैठना होगा। यह वह बैठने वालो पर सतत कार्यवाही करेंगे।

### नपा ने की तैयारी शुरू

नगर परिषद ने सब्जी मंडी की सफाई शुरू कर दी हे वही बिजली की भी व्यवस्था की जा रही है। नपा ने सब्जी विक्रेताओं की सूची बना ली है सोमवार को पर्ची उठाकर क्रमांक आवंटित किए जाएंगे।

### बस स्टैंड क्षेत्र बना जाम का हाट स्पॉट

बस स्टेंड क्षेत्र सहित सुभाष चौराह से जेडी मार्केट चौराह तक हिस्सा जाम का हाट स्पॉट हे पिछले साल बस स्टैंड पर ही ट्रक की चपेट में आने से एक बालक की मौत हो गई थी, वहीं दुकानों के सामने के अतिक्रमण के साथ ठेलो की संख्या लगातार बढ़ रहीवही इसी हिस्से में ऑटो, लोडिंग वाहन भी खड़े रहते हैं। सबसे अधिक जाम ठेलों और अस्थाई अतिक्रमण से लगता है।


## बजरंग दल ने मृत गाय को कचरा वाहन से घसीटते का किया विरोध



**माचलपुर।** नगर परिषद के कचरा वाहन से मृत गाय को कचरा वाहन से घसीटते ले जाने की घटना पर बजरंग दल ने आक्रोश व्यक्त करते हुए बुधवार को नगर पंचायत का घेराव किया। अपने आपको गौ माता की शुभ चिंतक निरूपित करने वाली भाजपा की परिषद के रहते नगर में गाय को कचरा वाहन से घसीटते ले जाने पर जहां नगर विभिन्न लोगों ने नाराजगी व्यक्त की वही बजरंग दल कार्यकर्ताओं द्वारा बुधवार नगर पंचायत कार्यालय पहुंच कर नारे बाजी की ओर सीएमओ से मुलाकात कर ऐसा कृत्य करने वाले कर्मचारियों को निलंबित करने की मांग की। साथ ही चेतावनी देते हुए कहा कि ऐसी घटना की पुनरावृति ना हो ध्यान रखा जाए। इस दौरान जिला संयोजक सोनू शर्मा, दीपक मारु, लक्ष्मण गुर्जर, भानुप्रताप चौहान, गिरिराज सोनी, देवेंद्र केवट, सूरज, लखन सहित अन्य कार्यकर्ता मौजूद थे।

जागरुकता को देंगे प्राथमिकता

# धाकड़ महासभा के जिला उपाध्यक्ष बने रामबाबू



**छापीहेड़ा।** धाकड़ महासभा ने संगठनात्मक विस्तार के तहत ग्राम सिकंदरी वाले रामबाबू नागर को जिला उपाध्यक्ष नियुक्त किया है। यह नियुक्ति महासभा के प्रदेश अध्यक्ष राम विलास धाकड़ के निर्देश पर राम गोपाल नागर जिला अध्यक्ष ने की। ग्राम पंचायत सिकंदरी के सरपंच प्रतिनिधि नागर समाज में सक्रिय व्यक्तियों में से एक हैं। विकास एकता का परचम लहराने में सक्षम और उनके योगदान को देखते हुए यह जिम्मेदारी उनको सार्थक रूप से मिली नवनियुक्त जिला उपाध्यक्ष ने प्रदेश और जिला नेतृत्व का आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा संगठन की अपेक्षाओं पर खरा उतरने का प्रयास सतत रूप से करेंगे। युवाओं को जोड़ने शिक्षा और सामाजिक जागरूकता फैलाने तथा तथा समाज की गतिविधियों को सार्थक रूप देने में प्राथमिकता देंगे।

अखिल भारतीय माली सैनी सभा ने जनसुनवाई में रखी फूलमाली समाज की बात

# राष्ट्रीय पिछड़ा वर्ग आयोग के समक्ष रखा अपना पक्ष

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ब्यावरा

अखिल भारतीय माली सैनी सभा राष्ट्रीय उपाध्यक्ष जीपी माली के प्रतिनिधि दिनेश सैनी ने समाज के प्रतिनिधि के रूप में 4 जुलाई को राजधानी भोपाल वीआईपी गेस्ट हाउस में राष्ट्रीय पिछड़ा वर्ग आयोग की जनसुनवाई में राष्ट्रीय पिछड़ा वर्ग आयोग के अध्यक्ष हंसराज गंगाराम अहीर के समक्ष फूलमाली समाज को केंद्रीय सूची में शामिल करने की बात रखी जिस पर राष्ट्रीय पिछड़ा वर्ग आयोग 17 जनवरी 2025 को जनसुनवाई में ज्ञापन दीया था।

इसके पूर्व सं 2024 में भी एक ज्ञापन दिया था उसी पर करवाई करते हुए राष्ट्रीय पिछड़ा वर्ग आयोग भारत सरकार ने फूलमाली समाज को केंद्र सरकार की सुचि में शामिल कर लिया गया है यहाँ अश्वासन आयोग के राष्ट्रीय अध्यक्ष हंसराज गंगाराम अहिर ने समाज के प्रतिनिधि मंडल को 4 जुलाई 2025को जनसुनवाई भोपाल में दिया हंसराज गंगाराम अहीर ने कहा कि शिघ्र ही गजट नोटिफिकेशन जारी होगा



जिसमें फूलमाली समाज को केंद्र सरकार की सुचि में शामिल हो जाएगा

### जनसुनवाई में यह रहे उपस्थित

जनसुनवाई में मुख्य रूप से पिछड़ा वर्ग राष्ट्रीय सदस्य भुवन भूषण एवं राज्य आयोग के अध्यक्ष डॉ रामकृष्ण कुसमारिया उपस्थित रहे। जनसुनवाई में संयुक्त माली सैनी समाज प्रदेश महासचिव दिनेश सैनी, फूलमाली सोशल उत्थान समिति संरक्षक रोड़ेराम पुष्पद खुजनेर, संस्थापक नरेंद्र पुष्पद पचोर, अध्यक्ष डॉ संतोष माली बापचा, रामचरण माने, मधुकर अम्बाडकर, भोपाल समाज अध्यक्ष श्री हरिनारायण माली भोपाल, प्रदेश महामंत्री दीपक पुष्पद जीरापुर, ब्रजमोहन माली सहित समाजजन उपस्थित रहे।

# बैठक में राज्यमंत्री टेटवाल ने की विभागवार समीक्षा, दिए निर्देश



हरिभूमि न्यूज ▶▶ सारंगपुर

शनिवार को जनपद पंचायत सारंगपुर के सभा कक्ष में जनपद स्तरीय अमले के साथ विभिन्न विभागों के प्रमुखों के साथ बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता राज्य मंत्री डॉ गौतम टेटवाल ने की। बैठक के दौरान प्रमुख विषयों पर चर्चा करते हुए कहा कि सभी ग्रामों में स्वच्छ पेयजल सिंचाई सुविधा के लिए चल रहे कार्यों की समीक्षा तथा जल संकट से निपटने के लिए जल स्त्रोतों की मरम्मत और निर्माण कार्य के साथ प्रत्येक ग्राम को मुख्यमार्ग से जोड़ने हेतु निर्माणाधीन सड़कों की प्रगति, सीएम हेल्पलाइन सहित सड़क पुल सिवरेज,विद्युत व्यवस्था सहित मूलभूत परियोजना की गुणवत्ता की समीक्षा के साथ प्रधानमंत्री आवास,स्वच्छ भारत मिशन, मनरेगा, उज्वला योजना सहित शासन द्वारा चलाई जा रही विभिन्न कल्याणकारी योजना की समीक्षा करते हुए राज्य मंत्री टेटवाल ने कहा कि सभी योजना का पात्र हितग्राहियों को लाभ मिले इसके साथ ही किसानों को बीज उर्वरक अनुदान सिंचाई फसल बीमा योजना के लाभ देने के निर्देश दिए,पशुपालन विभाग सहित आंगनवाड़ी केंद्र महिला सुरक्षा पोषण कार्यक्रम छात्रवृति योजना का वर्तमान स्थिति का आकलन किया वही विधायक निधि के अंतर्गत स्वीकृत और लंबित कार्यों की समीक्षा की गई।तथा वर्षा ऋतु के चलते बाढ़,जल भराव आदि समस्या के समाधान की दिशा में ठोस कार्ययोजना बनाने पर बल दिया। समीक्षा के दौरान मंत्री टेटवाल ने अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिया कि सभी विकास कार्य समय सीमा में पारदर्शी गुणवत्ता पूर्वक पूर्ण करें। इस दौरान जनपद पंचायत अध्यक्ष देव नागर, सीईओ हेमेंद्र गोविल, जनपद उपाध्यक्ष कैलाश नागर, मंडल अध्यक्ष महेश पुष्पद, कृपाल पोरवाल सहित जनपद, शिक्षा, कृषि, उद्यानिकी, पीएम सड़क सहित अधिकारी कर्मचारी उपस्थित रहे।

# विद्यालय में लैपटॉप वितरण व एक पेड़ मां के नाम कार्यक्रम आयोजित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जीरापुर

राज्य शिक्षा केंद्र भोपाल के निर्देशानुसार प्रतिभावान छात्रों को प्रोत्साहन स्वरूप लैपटॉप वितरण योजना का कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमें अध्यक्षता प्राचार्य विनोद कुमार चौधरी एवं नपाध्यक्ष प्रतिनिधि पवन कुशवाह, हेमंत जोशी, विष्णु सिंह पंवार, बलराम टांक, लखन तोमर, कुशाल मंडलोई, पार्षद प्रतिनिधी मुकेश पुष्पद, डॉ बीएल गुर्जर, प्राचार्य



कैलाश चंद्र शर्मा, देवेंद्र शर्मा की उपस्थिति में संपन्न हुआ कार्यक्रम की शुरुआत मां सरस्वती की पूजा अर्चना अतिथियों द्वारा कर की गई। समस्त अतिथियों का शाला परिवार ने पुष्पहार से स्वागत किया गया। तत्पश्चात मुख्यमंत्री का टीवी पर लाइव प्रसारण दिखाया गया। अतिथियों ने शिक्षा पर जोर देकर छात्रों को शासकीय योजना का लाभ लेने की बात कही उक्त योजनांतर्गत विकास खंड जीरापुर से शासकीय विद्यालय के 93 एवं अशासकीय विद्यालय के 227 छात्र छात्राओं को राशि सिंगल क्लिक से खाते में जमा की गई। कार्यक्रम उपरांत विद्यालय परिसर में एक पेड़ मां के नाम पर फलदार व छायादार पौधों का रोपण किया गया।

## निगरानीशुदा अपराधी की मौत

**जीरापुर।** पुलिस थाने में अपराध में निगरानीशुदा बदमाश एलकार सौंधिया (33) निवासी बटावदा की शुक्रवार को मौत हो गई। पुलिस ने उसे 3 जुलाई को हिरासत में लिया था। वह बटावटा का रहने वाला था। 4 जुलाई की सुबह उसकी तबीयत अचानक बिगड़ गई, उसे प्राथमिक इलाज के लिए सिविल अस्पताल ले जाया गया। जहां से डॉक्टरों ने उसे भोपाल रेफर कर दिया। भोपाल ले जाते समय रास्ते में उसकी हालत और बिगड़ी। उसे हमीदिया अस्पताल भोपाल ले जाया गया। वहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। डॉक्टरों के पैनल ने पोस्टमार्टम किया। पुलिस के अनुसार पीएम रिपोर्ट में मौत का कारण हार्टअटैक बताया गया है। पुलिस मामले में नियमानुसार कार्यवाही कर रही है।

## नवनियुक्त पदाधिकारी का हार माला पहनाकर बधाई व शुभकामनाएं दी



**ब्यावरा।** राष्ट्रीय राजपूत करणी सेना के राष्ट्रीय कार्यकारिणी अध्यक्ष शीला सुखदेव सिंह गोगामेडी प्रदेश अध्यक्ष शिव प्रताप सिंह चौहान साहब संभाग अध्यक्ष भूपेंद्र सिंह जिला अध्यक्ष जितेंद्र सिंह अरनिया जिला प्रभारी बलराम सिंह के आदेश अनुसार सभी नवनियुक्त पदाधिकारी का हार माला पहनाकर बधाई एवं शुभकामनाएं दी। कुंवर जसवंत सिंह तोमर ठी. रेठानी सभाग महामंत्री, जोजन सिंह ठिकाना धामनदा ब्लॉक अध्यक्ष सारंगपुर, शिवपाल सिंह राठौड जिला मंत्री, राहुल सिंह उमठ जिला सचिव, शैलेंद्र सिंह जिला महामंत्री के पद पर नियुक्त किए जाने पर बहुत-बहुत बधाई एवं शुभकामनाएं दीं। करणी सेना के संभाग अध्यक्ष भूपेंद्र सिंह खिंची ने बताया की आपको जो दायित्व दिया गया है उसे दायित्व को आप अपने देश के प्रति अपने धर्म के प्रति गौ माता के प्रति और अपने समाज के प्रति हमेशा सकारात्मक सोच रखोगे एवं सभी के लिए अपना योगदान प्रधान करोगे इसी कामना के साथ करणी सेना के जिला अध्यक्ष जितेंद्र सिंह ठिकाना अरनिया प्रदेश सचिव योगेंद्र सिंह परिहार कार्यकारिणी अध्यक्ष महेंद्र सिंह चैहान भगवत सिंह चैहान रघुराज सिंह सोलंकी, जिला मीडिया प्रभारी राजेंद्र सिंह राठौड़ और राहुल बना, प्रदेश सचिव राजेंद्र सिंह जिला उपाध्यक्ष रघुनंदन सिंह, विजेंद्र सिंह तोमर एवं ठि. रेठानी के समस्त बना एवं जिले के समस्त करणी सैनिकों ने बधाई एवं शुभकामनाएं प्रेषित की।

मेधावी विद्यार्थियों को लैपटॉप क्रय के लिए राशि वितरण कार्यक्रम संपन्न

# लैपटॉप मिलने से मेधावी विद्यार्थियों को अध्ययन करने तथा कौशल विकास में मिलेगी मदद: मंत्री पंवार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ब्यावरा

रायसेन स्थित वन परिसर में आयोजित प्रतिभाशाली विद्यार्थी प्रोत्साहन योजना अंतर्गत मेधावी विद्यार्थियों को लैपटॉप वितरण कार्यक्रम का मुख्य अतिथि मछुआ कल्याण एवं मत्स्य विकास विभाग के राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) नारायण सिंह पंवार द्वारा कन्यापूजन और दीप प्रज्जवलन कर शुभारंभ किया गया। इस अवसर पर मंत्री पंवार ने कहा कि सरकार मेधावी विद्यार्थियों को प्रोत्साहित करने, उन्हें आगे बढ़ाने के लिए दृढ़ संकल्पित है और निरंतर काम कर रही है। सरकार द्वारा उच्च शिक्षा के लिए भी विद्यार्थियों को छात्रवृत्ति दी जा रही है।

मंत्री पंवार ने कहा कि आज मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव द्वारा प्रतिभाशाली विद्यार्थी प्रोत्साहन योजना अंतर्गत मेधावी विद्यार्थियों को लैपटॉप क्रय करने के लिए 25-25 हजार रू की राशि प्रदान की गई है। विद्यार्थियों को लैपटॉप मिलने से अपने ज्ञान को बढ़ाने, कौशल को निखारने में सुविधा होगी। उन्होंने कहा कि प्रतिभाशाली विद्यार्थी प्रोत्साहन योजना विद्यार्थियों को



विज्ञान और डिजिटल शिक्षा से जोड़ने और उन्हें तकनीकी रूप से सशक्त बनाने के लिए संचालित की जा रही है। आर्थिक रूप से कमजोर छात्रों को इस लैपटॉप से उच्च शिक्षा अध्ययन की विभिन्न शैलियों में सहायता प्राप्त होगी। लैपटॉप से उनकी प्रतिभा निखरेगी, जिससे प्रदेश के उज्जवल भविष्य की संभावनाएं अधिक सशक्त होंगी। मंत्री पंवार ने मेधावी विद्यार्थियों से कहा कि उन्हें उपलब्ध कराई जा रही 25-25 हजार रूपए राशि का उपयोग लैपटॉप क्रय में ही किया जाए। लैपटॉप से विद्यार्थियों को अध्ययन तकनीक का उपयोग करते हुए ज्ञानार्जन और कौशल विकास में मदद मिलेगी। विद्यार्थियों में आगे बढ़ने के और नवाचार करने के लिए आत्मविश्वास विकसित होगा। उन्होंने कहा कि सरकार द्वारा विद्यार्थियों को वह सभी सुविधाएं प्रदान की जा रही हैं जो उन्हें बौद्धिक कौशल को निखारने, ज्ञान को बढ़ाने और आगे बढ़ने में सहायक है। सरकार द्वारा निःशुल्क पाठ्य पुस्तकें, निःशुल्क साईकिल, विभिन्न छात्रवृत्ति सहित अनेक योजनाओं के माध्यम से सुविधाएं प्रदान की जा रही हैं।

### मंत्री पंवार सहित जनप्रतिनिधियों ने मेधावी विद्यार्थियों को वितरित किए चेक

कार्यक्रम में मंत्री पंवार द्वारा प्रतिभाशाली विद्यार्थी प्रोत्साहन योजना अंतर्गत जिले के मेधावी विद्यार्थी रूद्रांश पटेल, आदित्य बघेल, जोया खान, पायल अहिरवार, तनु बघेल, कु. अनुराधा सहित अनेक मेधावी विद्यार्थियों को 25-25 हजार राशि के सांकेतिक चेक प्रदान किए गए। मुख्यमंत्री द्वारा सिंगल क्लिक के माध्यम से इन मेधावी विद्यार्थियों के बैंक खाते में लैपटॉप क्रय करने हेतु 25-25 हजार रू की राशि अंतरित कर दी गई है। प्रतिभाशाली विद्यार्थी प्रोत्साहन योजना अंतर्गत वर्ष 2024-25 में रायसेन जिले में कक्षा 12वीं में 75 प्रतिशत तथा उससे अधिक अंक प्राप्त करने वाले कुल 1577 विद्यार्थियों को लैपटॉप क्रय करने हेतु 25-25 हजार रू के मान से राशि प्रदान की गई है। इन 1577 विद्यार्थियों में 1019 छात्राएं हैं तथा 558 छात्र हैं। कार्यक्रम में जनप्रतिनिधियों, अधिकारियों एवं विद्यार्थियों द्वारा भोपाल में आयोजित प्रदेश स्तरीय कार्यक्रम लाइव प्रसारण देखा व सुना।

**खबर संक्षेप**

### सकल हिंदू समाज के अध्यक्ष बने अनिल

**आष्टा।** सकल हिंदू समाज की बैठक में सर्वसम्मति से अनिल श्रीवास्तव को अध्यक्ष और नरेंद्र कुशवाह को सह-अध्यक्ष चुना गया। यह निर्णय नगर के नागरिकों, समाजसेवियों और विभिन्न समाजों के प्रतिनिधियों की उपस्थिति में हुआ। पहले अध्यक्ष पद के लिए पांच नाम सामने आए थे। इनमें मुकेश नामदेव, राजेंद्र जायसवाल, अनिल धनगर, अनिल श्रीवास्तव और नरेंद्र कुशवाह शामिल थे। बाद में समाज की एकता को प्राथमिकता देते हुए मुकेश नामदेव, राजेंद्र जायसवाल और अनिल धनगर ने अपने नाम वापस ले लिए। इसके बाद सर्वसम्मति से अनिल श्रीवास्तव और नरेंद्र कुशवाह का चयन हुआ। अनिल श्रीवास्तव पूर्व में भी संस्था के अध्यक्ष रह चुके हैं। उनके नेतृत्व में कई धार्मिक, सांस्कृतिक और सामाजिक कार्यक्रम सफलतापूर्वक हुए हैं। नरेंद्र कुशवाह कुशवाह समाज के जिला अध्यक्ष हैं। वे जनसेवा के कार्यों में लगातार सक्रिय रहे हैं। एकता, सहयोग और भारतीय सनातन संस्कृति का संरक्षण ही संस्था का उद्देश्य संस्था का उद्देश्य समाजों में एकता, सहयोग और भारतीय सनातन संस्कृति का संरक्षण है। संस्था राम नवमी, हनुमान जयंती, जन्माष्टमी, श्रीकृष्ण रथयात्रा, शौर्य दिवस और गुरुपूर्णिमा जैसे आयोजन करती रही है। अनिल श्रीवास्तव ने सभी सदस्यों का आभार जताया।

### नगर प्रशासन की सद्बुद्धि के लिए नर्मदाअष्टक का पाठ किया

**नर्मदापुरम।** जैसा कि श्री समर्पण श्री संस्था जनहित करी मुद्दों पर लगातार कुछ महीनो से नगर पालिका प्रशासन को अपनी मांगों को लेकर अड़ा हुआ है यह वह मांग है जिसमें नगर के समस्त नागरिकों को सुख सुविधा उपलब्ध हो लगातार ज्ञापन और आंदोलन के माध्यम से संस्था अपनी मांगों को लेकर नगर प्रशासन को अवगत कराता रहा है इसके बावजूद भी नगर प्रशासन द्वारा उनकी मांगों पर कोई भी कार्रवाई नहीं की जा रही है इसी आंदोलन के क्रम में श्री समर्पण श्री संस्था ने मां जीवन दायिनी जिसके नाम पर हमारा नगर का भी नाम है उनका सहारा लिया।

### ब्रह्मपुरी स्थित पार्श्वनाथ दिगंबर जैन मंदिर पहुंचे मुनी संघ

# चातुर्मास के लिए सिद्धपुर नगरी में मुनी अक्षय सागर ने किया मंगल प्रवेश

श्रद्धालुओं के साथ इन्द्र देवता ने भी तप और तपस्या सम्राट मुनिश्री अक्षय सागर जी का फुहारों से किया सुस्वागत, बालकों के दिव्य घोष ने समां बांधा।



हरिभूमि न्यूज ▶▶ सीहोर

दिगंबर जैन संत शिरोमणि समाधिस्थ आचार्य विद्यासागर महाराज और पट्टाचार्य आचार्य समय सागर महाराज के परम प्रभावक शिष्य मुनि अक्षय सागर महाराज ने ससंघ नगर में रविवार को मंगल प्रवेश किया। इस दौरान बडी संख्या में श्रद्धालु ने भक्ति भाव से ओतप्रोत हो पिपल्या मीरा से विहार पद यात्रा में शामिल होकर जय घोष के साथ भजन कीर्तन करते हुए चिंतामणि पार्श्वनाथ दिगंबर जैन मंदिर स्थित ब्रह्मपुरी पहुंचे। जहां मुनिश्री अक्षय सागर जी ससंघ ने श्री चिंतामणि श्री परसनाथ भगवान की प्रतिमा के दर्शन कर आराधना की।

श्रावक श्राविकाओ ने तपस्या सम्राट मुनि अक्षय सागर ससंघ का बेसब्री से इंतजार कर थे। श्रद्धालुओं ने श्रध्दा भक्ति के साथ पद प्रक्षालन कर वंदना आरती कर मंगल प्रवेश पर भक्ति में लीन हो हर्षोल्लास के अगवानी कर शोभायात्रा का शुभारंभ की। श्रावक श्राविकाओ के साथ महान तप और तपस्वी मुनि अक्षय सागर ससंघ का इंद्र देवता ने भी पानी कि फोहारो से सुस्वागत वंदन अभिनन्दन किया। शोभायात्रा में भारी संख्या में श्रद्धालुओं ने अनुशासन के साथ पारम्परिक वस्त्र महिलाओं ने केसरिया रंग कि पोशाक वही पुरुष वर्ग सफेद पोशाक में भगवान महावीर का संदेश जियो और जीने दो, विश्व का कल्याण अहिंसा से हों सकता है । आचार्य श्री और मुनिश्री के जय घोष भजन कीर्तन करते हुए चल रहे थे।

### आकर्षण का केंद्र वीर सेवा दल के बालकों के दिव्य घोष ने भक्ति भाव से समा बांधा



पाठशाला के छात्रों। का संगठन वीर सेवा दल के बालकों ने दिव्य घोष देशना के साथ बैंड बाजो की धुन पर भाव विभोर हो नृत्य करते हुए चल रहे थे । शोभायात्रा का अनेक स्थानो धर्म प्रेमी बंधुओं ने मुनिश्री के पद प्रक्षालनकर आरती कर आशीर्वाद प्राप्त किया। वही शोभायात्रा में चल रहे श्रधदालुओ का स्वागत सत्कार किया। शोभायात्रा नगर के प्रमुख मार्गो से होती हुई श्रीं पार्श्वनाथ दिगंबर जैन मंदिर स्थित छावनी पहुंची जहां सकल जैन समाज, दिगंबर जैन पंचायत कमेटी ट्रस्ट समिति के सदस्यों ने, महिला मंडलों की पदाधिकारियों ने, युवकों के संगठन श्री वर्धमान सेवा समिति, वीर सेवा दल , एवं अन्य युवक संगठनों के सदस्य मंदिरों के पदाधिकारियों ने समाज के प्रवक्ता विमल जैन ने सीहोर के पत्रकार साथियों की ओर से श्रीफल भेंटकर चातुर्मास के लिए पुनः अनुनय-विनय के साथ आग्रह किया। मंगलाचरण श्रीमती प्रतिभा जैन ने गायन किया। जैन समाज अध्यक्ष अजय जैन ने नगर के प्राचीन मंदिर जी का और समाज के उत्कृष्ट धार्मिक अनुष्ठान पर विस्तार से बताया। संचालन महामंत्री अशोक कुमार जैन ने किया , उपाध्यक्ष देवचन्द्र जैन, कोषाध्यक्ष विमल कुमार जैन ने भी विचार व्यक्त किए। धर्म सभा में श्रावक श्राविकाओ को संबोधित करते हुए आशीष वचन में बताया कि हमारे वंशज चोबिस तीर्थंकरों ने राज्य पाट, वेभव का त्याग कर अहिंसा धर्म में लीन हो राजा महाराजाओ ने जीव मात्र का चिंतन करते हुए कठिन से कठिन समय में तप तपस्या से मोक्ष गये जिनका हम गर्भ कल्याणक से लेकर मोक्ष कल्याणक पावन पर्व के रूप में श्रध्दा और भक्ति से मनाकर प्रेरणा लेते हैं। विस्तार से बताया कि क्षण भर में कैसे प्रत्येक जीव की रक्षा, जीव दया, आत्मा के कल्याण के लिए वीतरागी वेराग़्य मोक्ष गये। जैन धर्म के प्रथम तीर्थंकर भगवान आदिनाथ जिनका साम्राज्य सूर्य उदय से सूर्य अस्त तक था। मान सम्मान,वेभव का त्याग कर वीतरागी, वेराग्य, कि ओर चल पड़े। वर्षों वर्ष तप तपस्या कर मोक्ष गये यह जैन धर्म दर्शन है। संध्या को मुनिश्री के सानिध्य में गुरु भक्ति संगीत मय भजन कीर्तन श्रावक श्राविकाओ ने कर धर्म लाभ अर्जित किया।

### जसपाल सिंह अरोरा ने की अक्षय सागर महाराज की अगवानी

दिगंबर जैन समाज के प्रसिद्ध संत अक्षय सागरजी महाराज का सीहोर में आगमन हुआ है। इस दौरान भाजपा के वरिष्ठ नेता, पूर्व जिला पंचायत व पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष जसपाल सिंह अरोरा ने उनका आशीर्वाद प्राप्त किया एवं उनकी भव्य अगवानी की। इस दौरान श्री अरोरा ने उनके चरणों में श्रीफल भी अर्पित किया। श्री अरोरा ने कहा कि दिगंबर जैन समाज के प्रसिद्ध संत अक्षय सागरजी महाराज का सीहोर में आगमन हुआ है। वे सीहोर में ही चतुर्मास करेंगे। इस दौरान उनके प्रवचन होंगे तो वहीं धार्मिक शिक्षण, गुरूभक्ति भी की जाएगी। उन्होंने कहा कि सिद्धपुर की नगरी सीहोर में इस समय धार्मिक वातावरण बना हुआ है। एक तरफ सीहोर की धरती पर प्रसिद्ध संत अक्षय सागरजी महाराज का आगमन हुआ है तो वहीं कुबेरेश्वर धाम में भी गुरूपूर्णिमा महोत्सव का आयोजन चल रहा है। वरिष्ठ नेता जसपाल सिंह अरोरा ने नगरवासियों सहित क्षेत्रवासियों से भी अपील की है कि वे सीहोर नगर में पधारे प्रसिद्ध संत अक्षय सागरजी महाराज का आशीर्वाद प्राप्त करें तो वहीं कुबेरेश्वर धाम पहुंचकर कथा का श्रवण भी करें और अपने जीवन को सार्थक बनाएं। इस दौरान जसपाल सिंह अरोरा मित्रमंडल एवं उनके समर्थक भी मौजूद रहे।

## मारपीट करने वालों पर कार्रवाई करने की मांग

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सीहोर



जिले के ग्राम झागरिया का पीड़ित कृषक बद्री प्रसाद पिता गप्पुलाल ने क्षेत्रीय थाना दोराहा में आवेदन दिया। जिसमें बताया गया कि अनावेदकगण अजमल पिता जीतमल, भैयालाल पिता जीतमल निवासी ग्राम लसुडिय़ा पठार, ब्रजलाल पिता गप्पुलाल, बंटी पिता ब्रजलाल, निवासी कालापीपल मण्डी, रूपसिंह पिता गप्पुलाल, घनश्याम पिता रूप सिंह, निवासी ग्राम झागरिया, रोहित मीना पिता रामदयाल, सुनील मीना पिता रामदयाल, निवासी ग्राम छापरी दिनांक 28 मई को रात्रि लगभग 8:30 बजे धारदार हथियार लेकर मेंरे घर ग्राम झागरिया आये तोड़ फोड़ की और मुझ आवेदक के पुत्र सतीश मीना पर जानलेवा हमला किया। जिससे सतीष का एक पैर हाथ फैक्चर हो गया और शरीर के अन्य भागो में अंदरूनी चोटें व गंभीर घाव के निशान आये, अजमल मीना ने स्वाति मीना को थप्पड मारे और गले पर चाकू रखकर बोला कि बता रकम और पैसे कहा पर रखे है तो स्वाति मीना डरकर बताया कि रकम और पैसे पलंग पेटी में रखे हुए है। जिसमें दो तोला का सोने का हार, एक तोला का सोने का मंगलसूत्र, 900 ग्राम का चांदी करधोना, 600 ग्राम की पाजेव और तीन लाख चौरासी हजार रूपये नगद राशि लूटने के पश्चात मेरी बेटी स्वाती एवं पत्नि ललता बाई पर भी जानलेवा हमला किया । अनावेदकगणों द्वारा जानलेवा हमला कर सारा सामान लूट कर ले गये, मैं पड़ोस के ही गाँव ही मिट्ठु खेड़ी भागवत कथा में गया था। जिसकी सूचना मुझे मिली मैं तत्काल घर आया और पुलिस को सूचना दी। पुलिस आई और पीड़ितों को थाने में लेकर गई और स्थानीय दोराहा चिकित्सालय में प्राथमिक उपचार उपरांत भोपाल रिफर कर दिया गया। कार्यवाही के अभाव में दबंग अनावेदक हमलावर अभी तक बैखौफ घूम रहे हैं। तक सतीष को कोई पता नही चल पाया है व पुलिस प्रशासन द्वारा हमलावरों को गिरफ्तार नही किया गया है, जिसके कारण पीड़ित के पुत्र को कोई पता नही चलने व हमलावरों की दहशतगर्दी के कारण पीड़ित परिवार इतना डरा सहमा है कि घर छोडक़र दर-दर की ठोकर खाने व न्याय की गुहार लगाने को विवश है। परन्तु अभी पीड़ित के पुत्र का कहीं पता नही चला है और अनावेकदकों को गिरफ्तार कर जैल भी नही भेजा गया है, पीड़ित परिवार की फसल भी खराब हो रही है, मेवेशियाँ भुखी प्यासी रह रही है। पीड़ित परिवार ने पुलिस अधीक्षक से भी न्याय की गुहार लगाई है।

## गाजे-बाजे के साथ अखंड मंडलेश्वर धाम पहुंचे भगवान श्री जगन्नाथ

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नर्मदापुरम

अखंड मंडलेश्वर धाम डोंगरवाड़ा का रथ यात्रा महोत्सव के दौरान शनिवार को भगवान जगन्नाथ डोंगरवाड़ा पहुंचे। विदित हो कि भगवान 27 जून से गुंडिचा भवन में विराजमान थे। भगवान प्रातः गुंडीचा भवन से अखंड मंडलेश्वर धाम के लिए रवाना हुए। इस दौरान बड़ी संख्या में श्रद्धालु रथ यात्रा में सम्मिलित हुए और धर्म लाभ अर्जित किया। भगवान की रथ यात्रा मालाखेड़ी चौराहा, बड़ चौराहा, कलेक्टर बंगला के सामने, कोठी बाजार, विवेकानंद घाट, भोपाल चौराहा, रसूलिया, एसपीएम, फेफरताल होते हुए डोंगरवाड़ा पहुंची। इस दौरान मार्ग में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने भगवान की पूजन अर्चना की और यात्रा में शामिल श्रद्धालुओं का जोरदार स्वागत भी किया।

## मूंग उपार्जन को लेकर राकिसं ने कलेक्टर से की चर्चा, बोले 12 क्विंटल प्रति हेक्टेयर खरीदे सरकार



हरिभूमि न्यूज ▶▶ नर्मदापुरम

मूंग उपार्जन को लेकर कलेक्टर सोनिया मीणा की अध्यक्षता में राष्ट्रीय किसान मजदूर महासंघ की बैठक संबंधित सभी अधिकारियों के साथ आज संपन्न हुई जिसमें प्रति हेक्टेयर 12 क्विंटल मूंग न्यूनतम समर्थन मूल्य पर खरीदी जाएगी जिसमें एक किसान से मात्र 100 क्विंटल मूंग खरीदी जाएगी। प्रथम दिन 40 क्विंटल, दूसरे दिन 40 क्विंटल तीसरे दिन 20 कुंटल इस प्रकार से तीनदिन में 100 क्विंटल का तीन बार में बिल बनवा सकेंगे। मूंग एफएक्यू ही खरीदी जावेगी। सभी किसान अपने घर से अपनी मूंग को साफ करके लावे एवं एक दिन में मात्र 40 क्विंटल ही लावे अन्यथा आपकी मूंग ढेर लगाकर वेयरहाउस में राखी रहेगी जिसकी गारंटी आप स्वयं की होगी। बैठक में राकिसं के पदाधिकारी प्रदेश मंत्री रमाकांत मीणा प्रदेश अध्यक्ष महिला बिंग गीता मीणा जिला अध्यक्ष शिवराज राजोरिया ब्लॉक अध्यक्ष नरेंद्र, जिला उपाध्यक्ष विक्रम सिंह रघुवंशी आदि मौजूद थे।

## बमुलिया रायमल में हुआ कन्या भोजन



**जावर।** ग्राम बमुलिया रायमल माता मंदिर में हुआ कन्या भोजन गांव में सुख समृद्धि के लिए देव बाबा की कृपा से ग्राम बमुलिया रायमल में देवता जागरण एवं कन्या भोजन हुआ सभी ग्रामीण जनों के सहयोग के साथ ग्रामीणों और किसानों ने अच्छी फसल की कामना की।

## देवशयनी एकादशी पर खाटू श्याम के दरबार में दर्शन करने पहुंचे श्रद्धालुओं ने खिचड़ी और फलों का लगाया भोग





हरिभूमि न्यूज ▶▶ सीहोर

देवशयनी एकादशी हिंदू धर्म के सबसे महत्वपूर्ण और पवित्र दिनों में से एक है। यह पावन पर्व आषाढ़ मास के शुक्ल पक्ष की एकादशी तिथि को मनाया जाता है, जो मुख्य रूप से भगवान विष्णु और माता लक्ष्मी को समर्पित है। ऐसी मान्यता है कि इस दिन से भगवान विष्णु चार मास के लिए क्षीर सागर में योग निद्रा में चले जाते हैं। रविवार को देवशयनी एकादशी पर सैकड़ाखेड़ी पर स्थिति बाबा खाटू श्याम के मंदिर पर शहर सहित जिले भर से श्रद्धालु दर्शन करने पहुंचे। खाटू श्याम मंदिर के संस्थापक ऋषि सोलंकी, सचिव संदीप सोलंकी ने बताया कि देवशयनी एकादशी पर सीहोर, भोपाल, आष्टा, इछावर सहित आसपास के श्रद्धालु बडी संख्या में दर्शन करने पहुंचे। कई पैदल श्रद्धालुओं का जत्था बाबा श्याम का निशान लेकर पहुंचे। मंदिर पर सुबह विशेष आरती कर ढाई क्विंटल फल और 51 किलो खिचड़ी का भोग लगाया। मंदिर समिति के जगदीश सोलंकी ने बताया कि बाबा के दरबार में प्रत्येक एकादशी पर श्रद्धालुओं द्वारा बाबा श्याम के भजनों की प्रस्तुति दी जाती है, जिससे पूरा माहौल भक्तिमय बन जाता है। बाबा श्याम का आकर्षक श्रृंगार भक्तों को अपनी ओर आकर्षित करता है। वही श्रद्धालु अपनी मनोकामना लेकर दरबार में अर्जी लगाने पहुंचते है। मनोकामना पूर्ण होने पर दोबारा मंदिर में आकर मत्था टेकते है। मंदिर में व्यवस्थाओं को लेकर समिति के जगदीश सोलंकी, मांगीलाल सोलंकी, ओमप्रकाश सोलंकी, ऋषि सोलंकी, नितिन सोलंकी, मनीष सोलंकी, संदीप सोलंकी सहित सदस्यों का भी विशेष सहयोग रहता है।

### विहिप बजरंग दल ने एक से सात तक चलने वाले अभियान की शुरुआत की

# पौधरोपण के साथ मंदिरों की करेंगे साफ-सफाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जावर

1 जुलाई से 7 जुलाई तक बजरंग दल द्वारा चलाए जा रहे हैं अभियान में अधिक से अधिक संख्या में पौधरोपण मंदिरों की साफ सफाई गोशालाओं की साफ सफाई के आयोजन कर रहा है। इसी संदर्भ में जावर प्रखंड में खेड़ापति मंदिर जावर में शनि मंदिर में साफ सफाई की एवं पौधरोपण किया जावर प्रखंड के मेहतवाड़ा खंड में कबीर आश्रम में आश्रम की साफ सफाई एवं संत का सम्मान किया तत्पश्चात कबीर आश्रम पर वृक्षारोपण किया भैरव मंदिर में पौधरोपण किया।

किए गए इस आयोजन में विश्व हिंदू परिषद के प्रांत सेवा प्रमुख गोपाल दास राठी, जिला धर्म प्रसार अध्यक्ष जगदीश कुशवाहा, दुर्गेश, अमित राठौड़ नगर मेहतवाड़ा के वरिष्ठ समाजसेवी अके सिंह, मोहनलाल भावसार, रूपचंद जैन, रूप सिंह , राजेश शर्मा, शोभाल सिंह, की उपस्थिति में एवं जिला मठ मंदिर प्रमुख धीरज सिंह ठाकुर ,जिला सुरक्षा प्रमुख राकेश सिंह ठाकुर ,जावर प्रखंड अध्यक्ष लखन सिंह ठाकुर ,प्रखंड उपाध्यक्ष अर्जुन सिंह ठाकुर, बलवान सिंह ठाकुर, प्रखंड संयोजक अंकुर बिल्लौरे, प्रखंड सत्संग प्रमुख हटे सिंह,प्रखंड सह संयोजक महेंद्र सिंह एवं प्रखंड एवं नगर के कार्यकर्ताओं के साथ सेवा सप्ताह मनाया चार जगह पर पौधरोपण किया। इसी के साथ ही कबीर आश्रम और श्री खेड़ापति मंदिर जावर, शनि मंदिर, बाबा लाखन धाम में स्वच्छता अभियान भी चलाया।



## नव चेतना सेवा समिति ने प्रदान की टॉपर छात्र गोविंद मालवीय की फीस

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सीहोर




वर्ष 2025 की कक्षा 12वीं बायो 95.2 प्रतिशत से उत्तीर्ण शा.सी एम राइस स्कूल आष्टा के छात्र गोविंद मालवीय पिता राम सिंह मालवीय ग्राम हराज खेड़ी तहसील आष्टा जिला सीहोर ने माध्यमिक शिक्षा मंडल भोपाल म.प्र.की प्रवीण सूची में 8व स्थान प्राप्त किया है। आर्थिक रूप से कमजोर होने के कारण छात्र अपनी नीट कोचिंग की फीस भरने में असमर्थ था गोविंद ने बताया कि पिता ड्राइवर का काम करते हैं, ऐसे में नीट कोचिंग की फीस जमा करने में बहुत परेशानी हो रही है। 20000 रिश्तेदार से उधर लेकर भरे, बाकी फीस के लिए लोन लिया। तब गोविन्द के शिक्षक जितेन्द्र धनवाल ने नव चेतना सेवा समिति से संपर्क किया और छात्र की जानकारी प्रदान की। समिति ने आर्थिक स्थिति पता करने पर पाया की बहन आरती के नाम से बजाज फाइनेंस से लोन लेने की बात सामने आई। समिति के संरक्षक आसी सिलोदिया और कोर कमेटी के सदस्यों के दिशा निर्देश अनुसार समिति ने 6250 नेफ्ट एक किस्त और 44350 राशि चेक के माध्यम से बाउंसिंग चार्ज सहित 50600 समिति ने बजाज फाइनेंस को प्रदान की। इस मौके पर समिति अध्यक्ष प्रो.देव सिंह मालवीय सचिव डॉ.कैलाश चंद्र बिलोदिया, बिहारी लाल मालवीय, इंदौर जिला अध्यक्ष देवी सिंह गहलोत, प्रदेश महामंत्री डॉ देवेंद्र मालवीय, सदस्य डॉ ओमप्रकाश नागवंशी, जयनारायण कोगरे, धर्मेंद्र मालवीय शिक्षक, सचिन मालवीय प.सचिव आदि द्वारा आकाश कोचिंग क्लासेस गीता भवन चौराहा इंदौर के टीचर और फाइनेंसर को बुलाकर शुल्क राशि का चेक प्रदान किया।